**Regarding CBI Inquiry into fake encounters in naxal-affected areas-Laid**

श्री राजकुमार रोत **(**बांसवाड़ा**) :** दिनांक 09.03.2025 को मध्यप्रदेश के मंडला में बेगा आदिवासी समुदाय के एक व्यक्ति की मृत्यु को कथित तौर पर नक्सली मुठभेड़ में मारना बताया गया है जो कि सत्य प्रतीत नही होता है । पिछले 4-5 वर्षों में छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा और महाराष्ट्र में फर्जी मुठभेड़ों में सैकड़ों निर्दोष आदिवासियों की हत्या हुई है । नक्सली भी आदिवासियों को पुलिस मुखबिर बताकर मार रहे हैं, जिससे लाखों आदिवासी प्रभावित हुए हैं । उनके बच्चे शिक्षा व मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, लेकिन सरकार न इस समस्या को सुन रही है, न सुलझा रही है । अतः सरकार से अनुरोध है कि उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जाँच हो, सभी फर्जी मुठभेड़ों की CBI जांच हो, दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही हो और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा व मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए । साथ ही, इस समस्या का स्थायी समाधान बंदूक के बजाय शांति और विकास के माध्यम से निकाला जाए ।